हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 15 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

4
कलेक्टर का अल्टीमेटम, जल जीवन मिशन के कार्य 30 अप्रैल तक करना होगा पूरा



## झरिया यादव महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव

# मजबूत समाज से ही समृद्ध और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभवः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत खारीझरिया में आयोजित झरिया यादव महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने खारीझरिया में मंगल भवन एवं सांस्कृतिक मंडप निर्माण की घोषणा की। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

- मंगल भवन एवं सांस्कृतिक मंडप निर्माण की घोषणा की

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के महासम्मेलन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और समाज को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक चिंतन का अवसर प्रदान करते हैं। इससे सामाजिक ढांचा मजबूत होता है और मजबूत समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक समाज को अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का संकल्प लेना चाहिए। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रयास कर रही है। आज प्रत्येक ब्लॉक में कॉलेज संचालित हैं, साथ ही प्रदेश में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग संस्थान उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय महत्व के संस्थान भी छत्तीसगढ़ में स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के वंशज के रूप में यादव समाज ने गौवंश सेवा की अद्वितीय परंपरा को सहेजा है, जो अनुकरणीय है। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से नशामुक्त समाज निर्माण के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता से की गई अधिकांश गारंटियों को राज्य सरकार ने सफलतापूर्वक पूरा किया है। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, छत्तीसगढ़ झरिया यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनिक यादव सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।





### शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दुलदुला विकासखंड में ग्राम सिरीमकेला में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सिरीमकेला में सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय, कृष्णा राय, पवन साय, भरत सिंह, अरविन्द प्रसाद साय, कपिल देव साय सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा कलेक्टर रोहित व्यास एस एस पी डां. लाल उमेद सिंह वनमंडला अधिकारी शशि कुमार और महादेव मंदिर समिति के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रदेश में आवास क्रांति की शुरूआत

सरकार के प्रथम कैबिनेट निर्णयों में 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिससे प्रदेश में आवास क्रांति की शुरुआत हुई। अब तक कुल 26 लाख आवासों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख माताओं-बहनों के खातों में अब तक 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। किसानों के हित में कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की जा रही है तथा होली पर्व से पूर्व अंतर की राशि किसानों को प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वनवासी परिवारों के कल्याण हेतु तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की गई है, जिससे संग्राहक परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। साथ ही चरण पादुका योजना को पुनः प्रारंभ कर श्रमिकों के सम्मान एवं सुरक्षा को सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने नवीन औद्योगिक नीति का लाभ उठाकर उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ने का भी आह्वान किया।

### कालेश्वर सिंह को दी श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दुलदुला विकास खंड के ग्राम केंदापानी पहुंचकर वरिष्ठ नागरिक स्व. कालेश्वर सिंह के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, रामप्रताप सिंह पवन साय, भरत सिंह समेत जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 6 विकासकार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुनकुरी विधानसभा अंतर्गत 11 करोड़ 75 लाख 94 हजार रुपए लागत के 6 विकासकार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिनमें 9 करोड़ 42 लाख 48 हजार रुपए लागत के 5 विकासकार्यों का भूमिपूजन एवं 2 करोड़ 33 लाख 46 हजार रूपए लागत के 01 विकासकार्य का लोकार्पण शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने 9 करोड़ 42 लाख 48 हजार रुपए लागत के जिन 5 विकासकार्यों का भूमिपूजन किया उनमें 3.68 करोड़ रूपए लागत के जोकारी से मद्धेश्वर पहाड़ तक पहुंच मार्ग लं. 3.00 कि.मी., 2.85 करोड़ रुपए लागत के एन.एच.-43 से मयाली डेम तक लं. 1.30 किमी, 10 लाख रुपए लागत के सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य बंदरचुंवा सरदार बस्ती से सरना पहुंच मार्ग तक ग्राम पंचायत बंदरचुंआ और 7 लाख रुपए लागत के कण्डोरा में उचित मुल्य दुकान का निर्माण कार्य शामिल ही। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 2.33 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एस.एच. 17 से पुटकेला पहुंच मार्ग लं. 2.20 कि.मी. का लोकार्पण भी किया।

## खबर संक्षेप

### ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत



**बिश्रामपुर।** अपनी छोटी बहन को स्कूल लेने जा रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई है जिससे अपने घर का इकलौता चिराग बुझ गया,गौरतलब है कि ग्राम कुंजनगर निवासी संतोष सोंधीया का इकलौता 20 वर्षीय पुत्र प्रवीण सोंधीया शुक्रवार की शाम स्कूल छुट्टी होने पर अपनी छोटी बहन पायल को लेने अपने ग्लैमर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीआर 8792 में जयनगर स्वामी आत्मानंद स्कूल जा रहा था,तभी एनएच 43 पर ग्राम जयनगर में इस्लाम खान के घर के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5557 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है,सूचना पर जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा उपरांत पीएम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर मर्चुरी में शव को रखवा दिया गया है,मामले में पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों को दिया अर्थदंड

**अंबिकापुर।** सडक दुर्घटनाओ कों कम करने की दिशा मे डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम मे थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग दौरान बजाज पल्सर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डी सी 5266 के चालक रायगढ़ के कापू बालक पोड़ी निवासी 35 वर्षीय खेमलाल सिदार आ. ह्रदय साय सिदार एवं एचएफ डीलक्स मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डीजेड 2946 के चालक लुंड्रा गुजरवार निवासी 38 वर्षीय टिकेश्वर बीसी आ. हिरसी केस बीसी की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की गई। जांच के दौरान दोनों चालक शराब के नशे में धुत पाए गए। ऐसे में पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर दोनों मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोनों बाइक चालकों को 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली निरीक्षक विवेक सेंगर, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, रविश लकड़ा, आरक्षक राजू कुजूर, जोगी बड़ा, राजेश खलखो, संतोष बरवा, विकास एक्का सक्रिय रहे।

### शिकायत के बाद चैनपुर पंचायत सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रिखू राम आ. भाको द्वारा ग्राम चैनपुर के पंचायत सचिव स्पात राम के विरूद्ध प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत स्वीकृत आवास हेतु प्राप्त प्रथम एवं द्वितीय किश्त की कुल राशि 1 लाख रुपए आवास बनवाये जाने हेतु लिए जाने एवं उसके पश्चात भी आवास नहीं बनाये जाने के संबंध में शिकायत किया गया। प्राप्त शिकायत के संबंध में मौके पर उपस्थित सरपंच ग्राम पंचायत चैनपुर एवं उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा तैयार कराया गया। जिसमें पंचायत सचिव के द्वारा राशि लिए जाने की पुष्टि हुई। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव से भी उपरोक्त शिकायत के संबंध में लिखित स्पष्टीकरण लिया गया। पंचायत सचिव द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया कि हितग्राही रिखू राम का आवास उनके द्वारा बनाया जा रहा है। जिसका कार्य प्लिंथ लेवल तक हुआ है। साथ ही हितग्राही से 1 लाख रूपये लेना स्वीकार किया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी 18 महीने से भत्तों से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। होस्ट संस्था होने के बावजूद इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा वैधानिक वित्तीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों ने 16 से 20 फरवरी 2026 तक पांच दिवसीय सामूहिक कामबंद हड़ताल और विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष टेंट लगाकर शांतिपूर्ण धरना देने का ऐलान कर दिया है। कर्मचारी संघ का कहना है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन के मुताबिक मूल वेतन, महंगाई भत्ता और मकान किराया भत्ता के अतिरिक्त अन्य सभी अनुमन्य भत्तों, सुविधाओं और सेवा संबंधी देनदारियों का भुगतान होस्ट संस्था द्वारा किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से लगातार किनारा कर रहा है।

- 16–20 फरवरी कामबंद आंदोलन की घोषणा
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की देनदारियों पर घमासान

### घर चलाना मुश्किल, बढ़ रहा मानसिक दबाव

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि नियमित भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई, इलाज, बैंक ऋण और सामाजिक दायित्वों को निभाना बेहद कठिन हो गया है। लंबे समय से चली आ रही इस स्थिति ने कर्मचारियों को तनाव, चिंता और असुरक्षा में डाल दिया है।

### समान काम–समान वेतन'का उल्लंघन

कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के रवैये को संवैधानिक सिद्धांतों और सेवा नियमों के खिलाफ बताया है। उनका कहना है कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि कर्मचारियों के अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है।

### कई बार उठाई आवाज नहीं मिला ठोस जवाब

संघ का दावा है कि इस विषय में पहले भी कई बार पत्र, ज्ञापन और चर्चा के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन आज तक कोई स्पष्ट, लिखित और समयबद्ध निर्णय नहीं लिया गया। इससे कर्मचारियों में रोष और निराशा गहराती जा रही है।

### अनिश्चितकालीन आंदोलन

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 20 फरवरी तक लंबित भत्तों और सेवा लाभों की बहाली पर ठोस निर्णय नहीं हुआ, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर नगरवन शिवालय में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नारायणपुर के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र नगरवन शिव मंदिर में अखण्ड कीर्तन का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा इस धार्मिक आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस आयोजन से पूरे नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण निर्मित हो गया है।

- आस्था एवं श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना ऐतीआसिक नगरवन शिव मंदिर

मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अखण्ड कीर्तन का शुभारंभ 14 फरवरी की संध्या अधिवास एवं कलश स्थापना के साथ किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर 15 फरवरी की सुबह से 'हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र का अखण्ड कीर्तन एवं जाप प्रारंभ होगा, जो लगातार 24 घंटे से अधिक समय तक जारी रहेगा। इस दौरान स्थानीय भजन मंडलियों सहित क्षेत्र के श्रद्धालु बारी-बारी से कीर्तन में भाग लेकर भगवान शिव एवं भगवान विष्णु के नाम का संकीर्तन करेंगे। 16 फरवरी को विधिवत पूर्णाहुति, पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण के साथ इस अष्ठ प्रहरी अखण्ड कीर्तन का समापन किया जाएगा।

### आस्था का प्राचीन एवं ऐतिहासिक केंद्र

नगरवन महादेव गुड़ी क्षेत्र का यह शिव मंदिर अत्यंत प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व का केंद्र है। यहां भगवान शिव के प्रति लोगों की अटूट आस्था है। महाशिवरात्रि के अवसर पर इस मंदिर में विशेष रूप से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। भक्त दूर-दूर से पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं तथा पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं।

### विशेष रूप से सजा शिवालय

महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाएगा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति द्वारा पेयजल, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अखण्ड कीर्तन में भाग लेने एवं भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# अनुराग दास ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

**जशपुरनगर।** ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सरगुजा ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से गांवों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिल रहा है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर के होनहार खिलाड़ी अनुराग दास ने सरगुजा ओलम्पिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोला फेंक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, गांव और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।



# नवीन पाठ्य-पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान जशपुर एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा के निर्देशानुसार विकास खंडश्रोत कार्यालय मनोरा के प्रशिक्षण कक्ष में कक्षा 6वीं हेतू एनसीईआरटी द्वारा निर्मित व एससीईआरटी के द्वारा अनुकूलित पाठ्य-पुस्तकें विद्यालय में लागू की गयी है इन पुस्तकों पर उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सामाजिक विज्ञान विषय शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मनोरा बीआरसी आशुतोष शर्मा नें कहा कि हम शिक्षकों का पढ़ाई व व्यवहार बच्चों के साथ ऐसा होना चाहिए जिससे बच्चे उत्साहित रहें, हमें बच्चों को प्रेरित कर आगे लाना है उनका उत्साह बढ़ाना है। उक्त प्रशिक्षण डीआरजी बलदेव ओहदार बीआरजी जीवनलाल सारथी माधुरी मिंज हरीश कुमार भगत के द्वारा विकास खंड मनोरा के 36 शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान के नई पाठ्य पुस्तक से संबंधित गतिविधियां आधारित प्रशिक्षण दिया गया इसमें अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुकेश का सक्रिय सहयोग रहा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर तैयार किया गया है।

### सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया

प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण को व्यवस्थित सम्पन्न कराने में नरेंद्र बघेल लेखापाल बीआरसी मनोरा का पूर्ण सहयोग रहा।

## नारायणपुर स्थित श्रद्धा के प्रमुख धाम रामेश्वर धाम में आयोजन

# हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र का 24 घंटे चला अखंड कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महाशिवरात्रि के पावन और आध्यात्मिक पर्व के अवसर पर नारायणपुर स्थित श्रद्धा के प्रमुख केंद्र रामेश्वर शिव मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी 24 घंटे का अखण्ड 'हरे राम–हरे कृष्ण'महामंत्र कीर्तन का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ प्रारंभ किया गया। शनिवार की सुबह ठीक 7:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ इस दिव्य धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

इस पवित्र आयोजन की शुरुआत पुरोहित मदन नंदे द्वारा विधिवत कलश स्थापना पूजा पाठ कर की गई। वैदिक मंत्रों की गूंज, धूप-दीप की सुगंध और शंखध्वनि के साथ जैसे ही अखण्ड कीर्तन प्रारंभ हुआ, पूरा मंदिर परिसर 'हरे राम–हरे कृष्ण' महामंत्र के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ⏭ शेष पेज 4 पर





### आधा दर्जन से अधिक कीर्तन मंडलियां लेंगी भाग

इस अखण्ड कीर्तन में क्षेत्र भर से आधा दर्जन से अधिक कीर्तन मंडलियां अपनी भक्ति प्रस्तुतियां देने के लिए नारायणपुर पहुंच रही हैं। कीर्तन मंडलियों द्वारा मधुर स्वर में गाए जा रहे भजन, कीर्तन और महामंत्र जाप से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। मंदिर परिसर के साथ-साथ आसपास का पूरा गांव भगवान के नाम की ध्वनि से गूंज रहा है, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और दिव्य हो गया है।

### मंगलेश्वर साहू सपत्नीक रहे जजमान

इस धार्मिक अनुष्ठान में यजमान के रूप में गंगलेश्वर साहू एवं उनकी धर्मपत्नी विशेष रूप से उपस्थित होकर पूजा-अर्चना और कीर्तन में सहभागी बने। उन्होंने विधिवत पूजा कर भगवान से परिवार, समाज और क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इस आयोजन में भाग लेकर भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहें हैं।

